## खबर संक्षेप



### शासकीय तालाब से सिंचाई पर किसान की मोटर की गई जब्त

**कटनी।** बिना अनुमति के शासकीय तालाब से सिंचाई करने पर मंगलवार को तहसील बहोरीबंद के ग्राम सांडा के कृषक किशन यादव पिता भागचंद यादव की मोटर जब्त कर ली गई। एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने बताया कि ग्राम सांड़ा में जनपद पंचायत द्वारा खसरा नंबर 412/1, रकबा 10.58 हेक्टेयर के अंश भाग पर निर्मित तालाब में राजस्व अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान कृषक किशन यादव तालाब में 1.5 एचपी की विद्युत मोटर लगाकर अवैध रूप से सिंचाई करते पाये गये। किशन यादव के पास तालाब से सिंचाई की अनुमति या कोई वैध दस्तावेज नहीं था। इसके बाद, मौके पर ही 1.5 एचपी की मोटर, 10 फिट लंबे डेलवरी पाइप और 3 फिट लंबे काले पाइप को जब्त कर लिया गया।

### शिक्षा परिसरों के आसपास नशा के अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों की होगी सघन जांच

# ओव्हरलोडिंग पर करें सख्त कार्यवाही, नशे में वाहन चलाने पर लायसेंस होगा निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ओव्हरलोडेड डम्परों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय और स्कूल, कॉलेजों के परिसर के आस-पास 100 मीटर के दायरे में पान-गुटका व नशीली दवाओं की दुकानों की जांच कर हटाने की कार्यवाही की जाय। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये अधिकारियों को दिये।



बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर और यातायात निरीक्षक राहुल पाण्डेय, सीजीएसटी के सुप्रिटेंडेंट दयाशंकर सिंह और आरटीओ संतोष पाल और कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी शारदा सिंह मौजूद रहे।

#### मेडिकल स्टोर्स में करें जांच

कलेक्टर श्री तिवारी ने आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त भागीदारी से अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में स्कूल कॉलेजों में नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने स्वास्थ्य, पुलिस और शिक्षा विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाने और जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री को रोकने सघन जांच करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। इस दौरान बैठक से अनुपस्थित ड्रग इंस्पेक्टर मनीषा धुर्वे की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने इनका 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश सीएमएचओ को दिये।

#### अवैध कारोबार पर करें प्रभावी कार्यवाही

कलेक्टर ने कहा कि युवा पीढ़ी को खोखला करने के षडयंत्र में लगे तत्वों के विरूद्ध ठोस और कारगर कार्यवाही करने के लिये पुख्ता सूचना तंत्र हो, ताकि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध ठोस और प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

#### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में माइनिंग विभाग और आरटीओ के द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर ओव्हरलोडेड वाहनों पर कार्यवाही करने और ई-रिक्शा और ऑटो चालाकों का सत्यापन और उनके वाहनों का परीक्षण कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जबलपुर की तर्ज पर मुड़वारा एवं कटनी जक्शन के रेलवे स्टेशनों पर प्रीपेड बूथ की योजना पर अमल करने की बात कही।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि जिले में संचालित सभी फैक्ट्रियों में नो हेलमेट-नो अटेंडेंस का नियम लागू हो। इस पर कलेक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग को फैक्ट्री संचालकों से चर्चा करने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय राजमार्ग पीरबाबा बाईपास से अतिक्रमण हटाकर सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने नगर निगम और यातायात पुलिस की सराहना की। इस दौरान आशीष तरियाल, मैनेजर एनएचएआई, मनीष साहू मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, राजेश अग्रहरी जिला शिक्षा अधिकारी, अभिलाष बिठोलिया सहायक प्रबंधक एमपीआरडीसी भी मौजूद रहे।



## चलती ट्रेन से धक्का देने का आरोप, महिला का पैर कटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिंगरौली रेलखंड पर खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन में एक भीषण हादसा हो गया जिसमें इंटरसिटी एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गई। चलती ट्रेन से धक्का दिए जाने के कारण महिला का एक पैर कटकर अलग हो गया जबकि दूसरे पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के डबरौहा गांव की रहने वाली 40 वर्षीय मीना सिंह पति नंदकुमार सिंह गोंड अपनी बहन रोशनी सिंह गौड़ के साथ विजयसोता स्टेशन से करेली मजदूरी के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस में सवार हुई थीं। घायल महिला ने बताया कि वह स्लीपर कोच में यात्रा कर रही थीं। इसी दौरान खन्ना बंजारी स्टेशन पर टिकट चेकर (टीसी) के साथ विवाद हो गया। आरोप है कि टीसी द्वारा उन्हें चलती ट्रेन से नीचे उतरने के लिए कहा गया और ट्रेन पूरी तरह रुकने से पहले ही उन्हें धक्का दे दिया गया। घटना के बाद स्टेशन में अफरा-तफरी मच गई।

उपस्थित लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। पायलट रमाकांत द्विवेदी व उनकी टीम ने मीना सिंह को गंभीर हालत में बरही अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारियों व पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कबड्डी में तेवरी हायर सेकेण्डरी विद्यालय बालक वर्ग में बना विजेता, किया पुरस्कृत

*खेल प्रतिभाओं को निखारने किया जाएगा हर संभव प्रयास*

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सांसद खेल महोत्सव का विधानसभा स्तरीय आयोजन स्लीमनाबाद खेल स्टेडियम मै चल रहा है जहाँ विभिन्न खेल -कूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही है। मंगलवार को बालक व बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई जहाँ सांसद खेल महोत्सव मै मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, विधायक प्रणय पांडे, महामंत्री सुनील उपाध्याय, संयोजक विजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, सहसंयोजक सुनील रतन गुप्ता व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत फिट युवा फॉर विकसित भारत की थीम में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया ओर टास कराकर कबड्डी प्रतियोगिता शुरू कराई।



जूनियर बालक वर्ग फाइनल में शासकीय ठाकुर बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी ने उत्कृष्ट विद्यालय बहोरीबंद को 39–20 से हराकर जूनियर का खिताब जीता और कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में तेवरी विद्यालय उपविजेता बना!इस दौरान थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन,बीआरसी प्रशांत मिश्रा,रवि दुबे,संकुल प्राचार्य मनोज हल्दकार, खेल प्रभारी महेंद्र सिंह, सरपंच काजल रजक, जनपद पंचायत सदस्य कमलेश कुमार जैन,खेल समन्वयक चेतना झा, दिनेश असाठी,अमित लकी अग्रहरी, पुरषोत्तम सिंह ठाकुर, राहुल ठाकुर, राजा गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि ओर अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सांसद खेल महोत्सव के तहत मंगलवार को आयोजित बालक व बालिका वर्ग कबड्डी टीम के खिलाड़ियों को जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि खिलाडी अपनी मेहनत व लगन से खेल -कूद प्रतियोगिताओ मै आगे आकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आगे बढ़े। खेल प्रतिभाओ को निखारने हर संभव सहयोग किया जायेगा।

## बिजली विभाग ने की कारवाई, मोटर पंप सहित तार किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

रबी सीजन कृषि कार्य चल रहा है विद्युत विभाग भी एक्शन मै आ गया है बिजली विभाग के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।रबी सीजन की खेती मैं अवैध तरीके से विद्युत उपयोग पर भी कार्रवाई की जा रही है।मंगलवार को स्लीमनाबाद विद्युत वितरण केंद्र की टीम ने विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले गाँवों मै जाकर चेकिंग अभियान चलाया जहां वो किसानों के खेतों में पहुँचे। कहीं घरेलू विद्युत पोल से लाइन खींचकर कृषि कार्य करने, बिना परमानेंट कनैक्शन के बिजली उपयोग व बिना टीसी लिए विद्युत उपयोग करने पर लगभग आधा सैकड़ा किसानों पर कार्रवाई की गईं। कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता सुमित सिन्हा,अनिल तिवारी,देवेंद्र दुबे, ओमप्रकाश यादव, विनय हल्दकार, दिवाकर मेहरा,राहुल त्रिपाठी उपस्थित रहे।



कनिष्ठ अभियंता सुमित सिन्हा ने बताया कि स्लीमनाबाद के सलैया, डहुली, कनोजा, मटवारा, बंधी सहित अन्य गाँवो पहुंचकर विद्युत टीम ने दबिश दी!जहाँ खेतों मै पहुंचकर विद्युत विभाग की टीम ने दो दर्जन किसानों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की गईं। विद्युत विभाग की टीम द्वारा मोटर पम्प व तार जब्त की गईं ओर अवैध तरीके से विद्युत चोरी का प्रकरण बनाया गया।इन सभी लोगो के विरूद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण भी दर्ज किया जाएगा।

## धरवारा और बाकल में संयुक्त जांच दल ने 248 बोरी धान किया जब्त, मांगे दस्तावेज

**कलेक्टर के सख्त रूख से व्यापारियों में मचा हड़कंप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन की सख्ती की वजह से समर्थन मूल्य पर अवैध रूप से धान की बिक्री कर अनुचित लाभ उठाने की मंशा रखने वाले लोगों पर हो रही ताबड़तोड कार्यवाहियों की वजह से उनके कुत्सित मंसूबों पर पानी फिर गया है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा धान के अवैध भंडारण में लिप्त दलालों व व्यापारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के दिये निर्देश के बाद जांच दल द्वारा औचक निरीक्षण और छापेमारी की कार्यवाही सतत रूप से जारी है।

इसी क्रम में मंगलवार को राजस्व अनुभाग बहोरीबंद के ग्राम धरवारा और ग्राम बाकल में कलेक्टर द्वारा गठित संयुक्त जांच दल ने 4 स्थानों पर औचक निरीक्षण कर 4 हजार 987 बोरियों में रखा 1 हजार 981 क्विंटल धान के भंडार का भौतिक सत्यापन किया और गोदाम संचालकों को कलेक्टर द्वारा जारी धान निकासी पर रोक संबंधी आदेश से अवगत कराया।



संयुक्त जांच दल ने बाकल मेन रोड के आदर्श जैन के यहां से 620 बोरियों में भरा 248 क्विंटल धान जब्त किया। इनके द्वारा कोई भी वैध अभिलेख एवं दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किया जा सका। जिस पर मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत आगे की कार्यवाही की जायेगी।

संयुक्त जांच दल ने ग्राम धरवारा के संतोष कुमार लाल बिहारी यादव के यहां 1633 बोरियों में भरी 653 क्विंटल धान और ग्राम बाकल में प्रमोद कुमार रूपचन्द्र जैन के यहां 662 बोरियों में रखी 271.42 क्विंटल तथा बाकल में ही उपज स्वामी यशवंत राय के यहां 2072 बोरियों में रखी 808 क्विंटल धान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया।

संयुक्त जांच दल में शामिल एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, नायब तहसीलदार बहोरीबंद आकाशदीप नामदेव और सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला, मंडी उपनिरीक्षक सीताराम मार्को, अभय दुबे व पटवारी प्रदीप लोधी शामिल रहे। सभी व्यापारियों को संयुक्त जांच दल ने बताया कि कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की अवधि के दौरान 20 जनवरी तक धान निकासी प्रतिबंधित है।

### आयुक्त ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

## अवैध कालोनी निर्माण एवं मैरिज गार्डन संचालकों पर करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विभागीय अधिकारी समय-सीमा की बैठक हेतु चिन्हित प्रकरणों को गंभीरता से लेकर उन पर मुस्तैदी से कार्य करें तथा समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा मंगलवार को आयोजित समय - सीमा की बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिए गये। समय- सीमा की बैठक में निगमायुक्त सुश्री परिहार ने विभागीय गतिविधियों एवं विभिन्न योजनाओं सहित समय-सीमा के चिन्हित प्रकरणों एवं शिकायतों का विस्तार से रिव्यू किया।



निगमायुक्त सुश्री परिहार ने बैठक के दौरान उपयंत्रियों को अपने प्रभार वाले वार्ड में रोजाना भ्रमण करते हुए अवैध कालोनी से संबंधित शिकायत पाए जाने पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को वार्डो में अवैध रूप से संचालित हो रहे मैरिज गार्डन पर नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित करने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से होटल संचालक, मॉल, स्कूल, हॉस्पिटल, बडी बिल्डिंगों आदि की भी जांच कर उनके द्वारा नियमानुसार फायर सेफ्टी एनओसी नहीं लिये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

नगर निगम कार्यालय एवं जोन कार्यालयों से माध्यम से कराये जा रहे आधार से समग्र के ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान छूटे नागरिकों की ई-के.वाई.सी कराने के कार्य के साथ ही डुप्लीकेट आईडी के डिलीशन की कार्यवाही में गति लाने के तथा किये जाने वाले कार्य की सतत समीक्षा कर करने के निर्देश उपायुक्त शैलेष गुप्ता को दिए। निगमायुक्त द्वारा निगम के विभिन्न विभागों राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल प्रदाय विभाग, अतिक्रमण शाखा, कालोनी सेल, स्थापना शाखा, न्यायालयीन प्रकरण आदि से संबंधित शिकायतों के समय-सीमा हेतु चिन्हित शिकायती प्रकरणों की समीक्षा की जाकर लंबित प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से आवेदक को भी सूचित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण** – 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण**– 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**– 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने की कार्यवाही, डेढ़ लाख की शराब जब्त

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अवैध शराब के खिलाफ जिले भर के 15 थानों की पुलिस ने कार्यर्यवाही कर बड़ी मात्रा में शराब जब्त की है। 15 थानों की पुलिस ने अवैध शराब जब्ती के 87 मामले दर्ज करते हुए करीब डेढ़ लााख रूपए की देशी, विदेशी और कच्ची शराब बरामद की। माधवनगर पुलिस ने सबसे ज्यादा 10 मामले दर्ज किए हैं। पुलिस द्वारा अवैध पैकारियों, अहातों और खुले में मदिरा का सेवन करने वालों पर भी सख्ती दिखाई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब का धंधा करने वालों में हडक़म्प मचा हुआ है। पिछले 24 घंटे के दौरान पुलिस ने जो कार्यवाही की है उनमें शराब की अवैध बिक्री एवं खुले और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर भी प्रकरण कायम किया गया है। गौरतलब है कि जिले भर में शराब के अवैध विक्रय का कारोबार तेजी से बढ़ा है। इसमे ज्यादातर देशी शराब बिक्री होती है। अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के द्वारा घरों, दुकानों एवं ठेला तक में शराब को बेचा जा रहा है। अवैध शराब की बिक्री से न केवल क्षेत्र का माहौल खराब होता है बल्कि अपराधिक वारदातें भी हो रही है।

### ट्रांसपोर्ट व्यवसाय की समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक 12 को

**कटनी।** ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के संचालन एवं समस्याओं के निराकरण हेतु शुक्रवार 12 दिसंबर 2025 को सायं 4 बजे से कलेक्टर कार्यालय के नवीन सभागार में सम्माननीय जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने इस संबंध में एक सूचना जारी करते हुए अध्यक्ष एवं सचिव ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं नगर के समस्त ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से 12 दिसंबर को कार्यालय कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाली बैठक में निर्धारित समय शाम 4 बजे उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### कल्याणी विवाह योजना में मिलती है 2 लाख की सहायता

**कटनी।** प्रदेश सरकार द्वारा कल्याणी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना का प्रारंभ की गई है। मप्र सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का उद्देश्य कल्याणी महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, कल्याणी महिलाओं को उनके विवाह पर 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना मध्य प्रदेश की कल्याणी महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कल्याणी और उसके पति दोनों मध्य प्रदेश के मूल निवासी होने अनिवार्य है। कल्याणी की आयु 18 वर्ष या अधिक और उसके पति की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। कल्याणी और उसके पति दोनों शासकीय विभाग में कर्मचारी,अधिकारी नहीं होने चाहिए और आयकर दाता भी नहीं होने चाहिए, कल्याणी को पहले से कोई परिवार पेंशन नहीं मिलनी चाहिए। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अधिक जानकारी के लिए नगर निगम कार्यालय की पेंशन शाखा के कक्ष क्रमांक 42 से संपर्क किया जा सकता है।

### बैठक का आयोजन

**कटनी।** कैल्डरीज़ रिफैक्ट्री, उद्योग विभाग एवं शासकीय आईटीआई कटनी के बीच मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कंपनी के एचआर अखिलेश द्विवेदी व अनिल यादव, उद्योग विभाग की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, उद्योग विभाग की क्षेत्रीय प्रबंधक अनामिका जैन, शासकीय आईटीआई कटनी के प्राचार्य देवेश मिश्रा तथा अप्रेंटिसशिप एडवाइजर मुकेश तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से शासकीय आईटीआई में उद्योग से संबंधित नए कोर्स शुरू करने पर चर्चा हुई जो स्थानीय उद्योगों की वर्तमान जरूरतों को पूरा कर सकें।

---

### जिला अस्पताल के सामने हर मंगलवार को लगेगा हाट बाजार, हुआ शुभारंभ

# शुभारंभः हाट बाजार में मिलेंगी जैविक और नेचुरल सब्जियां, अनाज एवं फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला चिकित्सालय के सामने नगर निगम सब्जी मार्केट में मंगलवार को कलेक्टर आशीष तिवारी ने जैविक और प्राकृतिक हाट बाजार का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने रसायनमुक्त जैविक उत्पादों के हाट बाजार से मानव जीवन विकास समिति के स्टाल के विक्रेता सुखसेन सिंह से एक पैकेट रागी और ढीमरखेड़ा के सगवां के प्रगतिशील किसान हरेन्द्रलाल सिंह से हरा धनिया खरीदा और ऑनलाईन पेमेंट किया।



इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर सुश्री तपस्या परिहार और जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत शर्मा, उपसंचालक कृषि डॉ. रामनाथ पटेल मौजूद रहे। इस हाट-बाजार में जिले के जैविक/प्राकृतिक खेती करने वाले किसान हर मंगलवार आकर अपने जैविक/प्राकृतिक उत्पाद का विक्रय कर सकेंगे।

जैविक और प्राकृतिक उत्पाद न केवल स्वाद बल्कि पौष्टिकता और गुणवत्ता के मामले में भी बेहतर होते हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में प्राकृतिक खेती और जैविक खेती कर कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हाट बाजार शुरू करने की किसान हितैषी पहल की है। जिले के किसानों में जैविक और प्राकृतिक खेती के प्रति रुझान बढ़ा है। यह निश्चित ही कटनीवासियों के लिए एक अनुपम सौगात है, जहां से वे शुद्ध, देशी और ताजी जैविक सब्जियां शहर के हृदय स्थल के बाजार से खरीद सकेंगे।

कार्यक्रम में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिन किसानों ने प्राकृतिक एवं जैविक पद्धति से फसल या सब्जियों का उत्पादन किया है, उन्होंने अपने-अपने स्टॉल लगाए, जो पूर्णतः जैविक उत्पादों से सुसज्जित थे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेती-किसानी में रसायनों का कम से कम उपयोग कर प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देना, तथा स्वस्थ शरीर, स्वस्थ पर्यावरण और स्वस्थ समाज की दिशा में लोगों को प्रेरित करना है। साथ ही इस हाट-बाजार का उद्देश्य यह भी है कि जैविक उत्पादन करने वाले किसानों को उनके उत्पादों का सही और उचित मूल्य प्राप्त हो। यह हाट-बाजार प्रत्येक सप्ताह एक दिन मंगलवार को नगरनिगम मार्केट में लगाया जाएगा। विशेष बात यह है कि केवल वे किसान, जो प्राकृतिक व जैविक विधि से फसल उगाते हैं वही इस बाजार का हिस्सा बन सकेंगे।

हाट-बाजार में जैविक धान, चावल, गेंहू, कोदो, कुटकी, चिया, मक्का, रागी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, मटर, मेथी, धनिया, लौकी, सेम, प्याज, बैगन, पपीता, विभिन्न पत्तेदार सब्जियां और पारंपरिक जड़ी बूटियां उपलब्ध रही।

इस दौरान स्थानीय पार्षद अवकाश जायसवाल एवं परियोजना संचालक आत्मा अरूणा सेन, रजनी चौहान, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पूनम गर्ग और उन्नत एवं प्रगतिशील किसान गुलशन सिंह, दयाशंकर, गुड़ियापुरा गांव से सदर सिंह, चिराले से आशाबाई, बमका से राम सिंह, झिरिया से सावित्री, ममता और हथकुरी से शिवकुमारी सहित अन्य जैविक किसान अपने उत्पादों के साथ आये थे।

---



# ई रिक्शा एवं ऑटो चालकों के बनाये जाएंगे क्यूआर कोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

देर आए पर दुरूस्त आए यह बात पुलिस द्वारा प्रारंभ की गई नई पहल पर सटीक बैठती है। दरअसल बड़ी संख्या में आटो दौड़ रहे हैं लेकिन पुलिस के पास चालकों की पुख्ता जानकारी नहीं है। अब पुलिस द्वारा शहर में ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के क्यूआर कोड बनाए जाएंगे। यह निर्णय पुलिस कंट्रोल रूम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया की अध्यक्षता में हुई ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की बैठक में लिया गया। इस पहल के तहत, सभी ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को एक फॉर्म दिया जाएगा, जिसमें उन्हें अपनी विस्तृत जानकारी भरकर पुलिस को देनी होगी। पुलिस इन विवरणों का उपयोग करके प्रत्येक चालक और उनके वाहन के लिए एक विशिष्ट क्यूआर कोड जनरेट करेगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया ने बताया कि यह क्यूआर कोड पुलिस के लिए अत्यंत फायदेमंद साबित होगा। इसे स्कैन करते ही चालक की पूरी जानकारी तुरंत उपलब्ध हो जाएगी। इससे किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में अपराधी की पहचान और गिरफ्तारी में तेजी आएगी।

बैठक के दौरान, ऑटो और ई-रिक्शा एसोसिएशन के सदस्यों ने अपनी लाइसेंस संबंधी समस्याओं को भी उठाया। उन्होंने बताया कि कई चालकों के पास वैध लाइसेंस नहीं हैं। पुलिस अधीक्षक ने चालकों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही लाइसेंस बनवाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ई-रिक्शा एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने उनकी समस्याओं को सुना है और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया है।

---

### उपायुक्त ने राजस्व वसूली की समीक्षा कर दिये दिशा निर्देश

# कर्मचारियों को हिदायत, लक्ष्य अनुरूप करें राजस्व वसूली, लापरवाही नहीं बरतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम के राजस्व वसूली कार्य को अधिक प्रभावी और परिणाम पूर्ण बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त शैलेश गुप्ता एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर वसूली में गति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व अमले के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



उपायुक्त श्री गुप्ता एवं राजस्व अधिकारी द्वारा वर्तमान वसूली, लंबित बकाया वसूली, क्षेत्रवार प्रदर्शन और वसूली कार्य में आ रही बाधाओं का बिंदुवार विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक कदम लाने के निर्देश उपस्थित कर्मचारियों को दिए। श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया कि निगम के विकास कार्यों की निरंतरता राजस्व वसूली पर निर्भर है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी-अपनी बीट में सक्रिय रहकर बकायेदारों की पहचान, नोटिस वितरण, फॉलोअप और वसूली अभियान को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बड़े बकायेदारों पर विशेष ध्यान दिया जाए और जरूरत होने पर कानूनी कार्यवाही की प्रक्रिया भी तत्परता से आगे बढ़ाई जाए।

बैठक में उन्होंने डिजिटल वसूली माध्यमों के बेहतर उपयोग, रिकॉर्ड अद्यतन करने, आम नागरिकों को जागरूक करने और पारदर्शिता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।उपयुक्त श्री गुप्ता ने हिदायत देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। प्रत्येक अधिकारी को अपनी राजस्व वसूली की प्रगति की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी बैठक के दौरान दिए। बैठक के दौरान आगामी 13 दिसंबर शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की भी समीक्षा अधिकारियों द्वारा की जाकर लोक अदालत का वृहत प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक के अंत में उपायुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सक्रिय समन्वय, समयबद्ध कार्रवाई और जिम्मेदारीपूर्वक कार्यप्रणाली से ही राजस्व वसूली को लक्ष्य के अनुरूप बढ़ाना संभव है।

---

### जल संचय के लिए श्रमदान कर किया गया बोरी बंधान



जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के सिलौंड़ी सेक्टर अंतर्गत पाली ग्राम में जल संचय अभियान के तहत जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दतला नदी के खाले घाट में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं तथा ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से श्रमदान कर बोरी बंधान किया गया।जिससे नदी के बहते पानी को रोकने में सफलता मिली। कार्यक्रम की शुरुआत चौपाल बैठक से हुई, जिसमें जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने छात्रों व ग्रामीणों को जल संचय अभियान की महत्ता बताते हुए कहा कि जल संरक्षण आज की प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने सीएमसीएलडीपी के छात्रों को फील्ड में कार्य करने, समाज में जागरूकता फैलाने तथा सामुदायिक नेतृत्व विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने छात्रों को असाइनमेंट, शैक्षणिक क्षेत्रीय भ्रमण तथा अध्ययन संबंधी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जल संरक्षण को जीवन से सीधे जोड़ते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। परामर्शदाता सत्येंद्र सिंह राजपूत ने जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु उपस्थित जनों को जल संचय की शपथ दिलाई।

---

# स्कूल में बच्चों से कराई जा रही सफाई, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

भीम आर्मी ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य को शिकायत पत्र सौपा है। भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी ने बताया कि शासकीय माध्यमिक शाला लखाखेरा में बच्चों से साफ सफाई कराये जाने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। बच्चों से स्कूल में काम करवाया जा रहा है। बच्चे स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। स्कूल में झाड़ू लगाने या दरी धोने यह सब काम कर्मचारी का होता है ना कि बच्चों का।



शासकीय माध्यमिक शाला लखाखेरा में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। बच्चों से विद्यालय परिसर में झाड़ू लगवाई जाती है। दरी धुलवाई जाती है। विद्यालय में पानी पीने की व्यवस्था नहीं है। विद्यालय में सिर्फ दिखावे के लिए नल फिटिंग एवं टंकी रखी गई है। विद्यालय के गेट पर विद्युत तारों का जाल फैला हुआ है जिससे विद्यार्थियों का जीवन खतरे में बना रहता है कभी भी अनहोनी घटना हो सकती है। शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं है ,जिस कारणवश छात्र छात्राएं खुले में शौच करने पर जाने को विवश हैं।

#### कार्यवाही की मांग

विद्यालय परिसर में छात्रों से साफ सफाई करवाये जाने की जांच कर स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाए अन्यथा भीम आर्मी भारत एकता मिशन शिक्षा विभाग कटनी का घेराव करने के लिए बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। हम नन्हे छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होते हुए नहीं देख सकते।

शिकायत पत्र सौंपते हुए मौजूद रहे भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी, प्रियंका नामदेव, तह. अध्यक्ष अंग्रेज सिंह, विमल चौधरी, मनोज एवं लखाखेरा के ग्रामीण मौजूद रहे।

---

### सतर्कता एवं जागरूकता से ही अपराधों पर लगाई जा सकती है रोक

# बैंक शाखाओं में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान, दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अक्सर बड़ी वारदातों के बाद ही पुलिस महकमा अलर्ट होता है। 6 दिसंबर की रात्रि माधवनगर थाना क्षेत्र में एटीएम मशीन उखाड़कर ले जाने की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर बैंक सुरक्षा को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक, बैंक शाखाएँ, एटीएम बूथ और ग्राहक सेवा केंद्र पुलिस अधिकारियों की निगरानी में रहे। सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई और किसी भी तरह की घटना को रोकने के लिए बैंक सुरक्षा प्रबंधन से सुझाव भी लिए गए। चेकिंग के दौरान सीसीटीवी कैमरों की क्वालिटी और रिकॉर्डिंग,



अलार्म सिस्टम की कार्यशीलता, प्रकाश व्यवस्था और तैनात सुरक्षा गार्डों की सक्रियता का परीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन के साथ सीधे संवाद कर सुरक्षा प्रक्रियाओं को और बेहतर बनाने के सुझाव भी लिए। साथ ही, उन्हें सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत दिशानिर्देश दिया गया ताकि किसी भी तरह की आपराधिक घटना को पहले ही रोका जा सके।

अभियान के दौरान ग्राहकों को भी जागरूक किया गया एटीएम कार्ड क्लोनिंग, स्किमिंग और साइबर फ्रॉड जैसी घटनाओं से बचने के उपाय बताए गए। कटनी पुलिस की अपील है बैंक या एटीएम के आसपास संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत निकटतम थाना या डायल 100/112 पर सूचना दें। आपकी एक सूचना किसी बड़ी वारदात को रोक सकती है।

पुलिस का मानना है कि सतर्कता और जागरूकता दोनों मिलकर अपराध पर रोक लगा सकती हैं। सभी थाना प्रभारियों ने अपनी टीमों के साथ बैंक शाखाओं, एटीएम बूथों और ग्राहक सेवा केंद्रों का निरीक्षण किया। परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी गई। सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन करते हुए,तैनात सुरक्षा गार्डों की तत्परता,सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता अलार्म सिस्टम, प्रकाश व्यवस्था एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम की गहन जांच की गई। बैंक प्रबंधन से चर्चा और सुझाव अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक सुरक्षा प्रबंधन से प्रत्यक्ष रूप से बातचीत की। किसी प्रकार की घटना न घटित हो, इसके लिए बैंक सुरक्षा प्रबंधन को आवश्यक निर्देश दिए गए।

---

### हवन यज्ञ पूर्णाउति के साथ सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन

# सच्ची मित्रता वहीं जिसमें छल-कपट की भावना न हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

श्रीकृष्ण का नाम अनमोल है।यदि पापी भी श्रीकृष्ण का नाम लेता है तो उसे सद्गति मिल जाती है।जिसके ह्दय मैं प्रभु के प्रति भाव जागते है वही लोग प्रभु की कथा में शामिल होते है।श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर उसके उपदेश को जीवन मैं उतारे तभी कथा की सार्थकता है। भगवान का आगमन सदैव धर्म की रक्षा के लिए हुआ है।श्रीमद्भागवत कथा हमे समाज के संस्कार ,अच्छे बुरे की पहचान सिखाती है।सच्ची भक्ति से ही भगवान की प्राप्ति की जा सकती है।उक्त उद्गार ग्राम उत्तमपुर टिकुरी स्थित हरिदास महाराज मंदिर मे चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस मंगलवार को कथा व्यास पंडित दिलीप पौराणिक ने व्यक्त किये।



कथा वाचक ने कथा के सातवें दिवस मंगलवार को श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र की कथा पर प्रकाश डाला। कथा वाचक ने कहा की भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की दोस्ती ने दुनिया को यह संदेश दिया कि राजा हो या रंक दोस्ती में सब बराबर होते हैं। श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। द्वारपाल के मुख से पूछत दीनदयाल के धाम, बतावत आपन नाम सुदामा सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने राजमहल के द्वार पर पहुंच गए। यह सब देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े दौड़े चले आए। बचपन के मित्र को गले लगाकर भगवान श्रीकृष्ण उन्हें राजमहल के अंदर ले गए और अपने सिंहासन पर बैठाकर स्वयं अपने हाथों से उनके पांव पखारे। कहा कि सुदामा से भगवान ने मित्रता का धर्म निभाया और दुनिया के सामने यह संदेश दिया कि जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। राजा हो या रंक मित्रता में सभी समान हैं और इसमें कोई भेदभाव नहीं होता।श्रद्धालु श्रीकृष्ण सुदामा की कथा सुन भाव विभोर हो गए।जीवन का नहीं है भरोसा-कथा वाचक ने कहा कि संसार में जन्म लिया है तो इसे एक दिन त्यागना पड़ेगा। यह दिन कब आ जाए किसी को नहीं मालूम। इससे पहले हमें मनुष्य जीवन जीने का जो मौका मिला है उसे व्यर्थ के कामों में बर्बाद नहीं करना चाहिए। अच्छी तरह से रहकर भगवान के नाम का जाप कर धर्म के मार्ग पर चले। इस मार्ग पर चलने से मनुष्य जीवन के अलावा अगला भव भी सुधर जाएगा। अच्छे कार्य को करने के लिए दूसरे लोगों को भी प्रेरित करे।

---

# नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु वाहनों की पार्किंग के लिए स्थल किये चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर की अराजक यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा कुछ दिन पूर्व शहर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दिये थे। निर्देशों के परिपालन में मुख्य मार्गों पर बढ़ते यातायात दबाव को कम करने हेतु चिन्हित दो पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि विगत दिवस गोल बाजार एवं विश्वकर्मा पार्क पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया जाकर दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा किए जानें हेतु स्थल की साफ सफाई कराई जाकर वाहनों को खड़ा करनें हेतु स्थल को चूने से रेखांकित किया गया उक्त स्थलों को ओर अधिक विकसित और व्यवस्थित करनें की कार्यवाही निरंतर जारी है।

दूसरी ओर सार्वजनिक मार्गो के किनारे बैठने वाले फुटकर सब्जी विक्रेताओं को व्यवसाय हेतु उचित स्थल प्रदान करने हेतु हॉकर्स जोन का व्यवस्थित संचालन की कार्रवाई तेज की जाकर विगत दिवस हॉकर्स जोन परिसर की सफाई की जाकर एकत्रित कचरे का उठाव कार्य किया गया। शीघ्र ही स्थल पर प्रकाश, पेयजल, शौचालय आदि की अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराने के प्रयास जारी है।

#### नियमित निरीक्षण के निर्देश

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी विक्रेता निर्धारित स्थानों पर ही व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करें, जिससे आमजन को सुरक्षित एवं सहज आवागमन मिल सके। पार्किंग व्यवस्था व्यवस्थित होने से जहां सड़क पर अनियंत्रित वाहन खड़े होने की समस्या कम होगी, वहीं हॉकर्स जोन से पथ विक्रेताओं का सब्जी व्यवसाय प्रारंभ होनें से मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में होने वाली भीड़भाड़ को कम किया जा सकेगा तथा यातायात का प्रवाह भी सुचारू रहेगा।

प्रशासन का कहना है कि पार्किंग और हॉकर्स जोन व्यवस्था सुधारने से न केवल यातायात सुचारू होगा, बल्कि शहर की समग्र स्वच्छता, सौंदर्य एवं नागरिक सुविधाओं में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा। आगामी दिनों में इस पहल के और भी सकारात्मक परिणाम सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पथरिया शहर में ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि

**दमोह ।** म.प्र. पू.क्षे. वि.वि. कं. लिमि. उत्तर संभाग दमोह के कार्यपालन अभियंता इंजी. प्रवीण कुल्हारे द्वारा बताया गया कि पथरिया उपसंभाग अंतर्गत पथरिया शहर वितरण केंद्र में उपभोक्ताओं को वोल्टेज एव विद्युत अपूर्ति को सुदृण बनाने के संबंध में श्री सिद्ध बाबा मंदिर के पास 100 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर के स्थान पर 200 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर लगाया गया साथ ही पथरिया शहर में 200 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर के स्थान पर 315 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है, जिससे पथरिया शहर में निवासरत सम्माननीय उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से प्रदान की जायेगी।

### निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु जिला कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग के जारी निर्देशों के अनुरूप निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायत हेतु अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं काल सेंटर जिला कार्यालय के भू-तल पर स्थित कक्ष कमांक-03 (लोक सेवा केन्द्र) में स्थापित किया जाकर अधिकारी/कर्मचारियों को पदाविहित किया गया है। कंट्रोल रूम में दूरभाष क्रमांक 07812-350300 स्थापित किया गया है। उप-जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया कंट्रोल रूम में पदाविहित अधिकारी/कर्मचारी निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण के साथ-साथ पंचायत उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार प्रक्रिया के संचालन के दौरान प्राप्त शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही संपादित करेगें। उन्होने बताया कंट्रोल रूम पदाविहित अधिकारी/ कर्मचारी चक्रेश पटेल प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन दमोह मोबाइल नंबर 9424420892 के दिशा निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे।

### नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा किया गया रवाना

# नेशनल लोक अदालत में प्रकरण निपटाने से धन एवं समय की बचत होती है - प्रधान जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ ही विद्युत चोरी एवं नगरपालिका के जलकर, सम्पत्ति कर के प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जावेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विद्युत व नगरपालिका दमोह के समन्वय से प्रचार-प्रसार वाहन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी द्वारा न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मोहम्मद अजहर सहित जिला मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाइच सह स्टाफ, जिला अभियंता विद्युत एमएल साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, न्यायिक व विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुभाष सोलंकी ने कहा लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को सुलभ व शीघ्र न्याय प्राप्त होता है। आगामी नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर 2025 वर्ष की अंतिम लोक अदालत है आगामी नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन के माध्यम से लोक अदालत के लाभ एवं विभागों द्वारा प्रदान की जा रही छूट की जानकारी आमजन तक पहुंचाये जाने हेतु आज प्रचार वाहन रवाना किया गया है। आपने बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण होने से धन, समय की बचत तो होती ही है, साथ ही न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का बोझ भी कम होता है, इसको दृष्टिगत रखते हुये नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से हल करने का प्रयास किया जा रहा है। अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में सहज एवं सरल न्याय का सिद्धांत है लोक अदालत में ना कोई जीतता है और ना कोई हारता है। नेशनल लोक अदालत में अधिवक्ताओं की हमेशा ही सक्रिय भूमिका रहती है इस बार भी लोक अदालत को सफल बनाने में अधिवक्ताओं का पूर्ण सहयोग रहेगा।

## समाज के अध्यक्ष बने कमल साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

नगर के वार्ड नंबर 12 में स्थित नवनिर्मित साहू धर्मशाला में समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक परिचर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से भूतपूर्व सैनिक कमल प्रसाद साहू को नगर साहू समाज का अध्यक्ष बनाया गया। जिसका सभी ने स्वागत किया और नवनिर्वाचित अध्यक्ष को फूल मालाएं पहनाई। अध्यक्ष चुने जाने के पश्चात कमल साहू ने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे यह दायित्व सोपा है उसे आप सभी के सहयोग एवं सभी के मार्गदर्शन में निभा कर समाज को नई दिशा देने का प्रयास करूंगा। इसके साथ ही समाज में आपसी भाईचारा और एकता को मजबूत करना समाज में युवाओं को शिक्षित करना नशाखोरी जैसी बुराइयों को दूर करना और समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा। उक्त अवसर पर राजेंद्र साहू, लक्ष्मण साहू, एडवोकेट संजय साहू, अशोक साहू, पार्षद प्रेम नारायण साहू, नरेश साहू, संतोष साहू, दिलीप साहू, निशांत साहू, अरविंद साहू, विनोद साहू, प्रवेश साहू, शिव साहू, शारदा साहू, हरिशंकर साहू सहित साहू समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## हादसे में घायल युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बीते दिन 3 दिसंबर को थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह तेंदूखेड़ा मार्ग पर पांजी सांगा के बीच तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर जा रहे बाइक सवार एक परिवार को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग निकला था। बाइक सवार लोग घायल अवस्था में सड़क पर पड़े रहे जिन्हें 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था जहां से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। जबलपुर में इलाज के दौरान युवक की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है और घायल परिवार का प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार जबलपुर जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ठूंठा ग्राम के निवासी राजा पिता रमेश अहिरवार उम्र 35 वर्ष की हादसे के दो दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि मृतक की पत्नी सविता पति राजा अहिरवार उम्र 32 दीपक पिता राजा अहिरवार उम्र 6 दीपेंद्र पिता राजा अहिरवार उम्र 7 का जबलपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है । आपको बता दें राजा अहिरवार रिश्तेदारी में शामिल होने के लिए सांगा ग्राम गया था जहां से वापस आते समय यह हादसा हो गया है वहीं रिश्तेदार राजा को रुकने के लिए बोल रहे थे लेकिन राजा नहीं रुका और हादसे का शिकार हो गया।

### पुलिस ने किया वाहन जब्त

वही सूत्रों द्वारा खबर है बाइक सवार परिवार को टक्कर मारने वाली यूपी पार्सिग की एक टाटा सफारी कार को पुलिस द्वारा घटना के दिन ही जब्त कर लिया था जहां कार क्रमांक UP.93.Z.2395 है जो कि जबलपुर से दमोह की और जा रही है जहां सामने से आ रहे बाइक सवार राजा अहिरवार को टक्कर मारकर आगे जाकर खड़ी हो गई है तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा अभी जांच की जा रही है।

## ग्राम पंचायत बनवार में लगा नेत्र शिविर, 165 मरीजों की जांच



**बनवार।** ग्राम पंचायत बनवार में सरपंच श्रीमती विनीता सुभाष अहिरवार की पहल पर मंगलवार को मासिक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, जानकीकुंड चित्रकूट की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने पहुँचकर ग्रामीणों के नेत्र स्वास्थ्य की विस्तृत जांच की। शिविर में कुल 165 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिनमें से दृष्टिदोष से पीड़ित 49 मरीजों को मौके पर ही निशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। वहीं जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता महसूस की गई, उन्हें ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराई गई बस के माध्यम से चित्रकूट अस्पताल भेजा गया, जहां उनका आगे का उपचार किया जाएगा। सरपंच विनीता अहिरवार ने बताया कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए हर माह की 9 तारीख को यह नियमित नेत्र शिविर आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह शिविर अत्यंत आवश्यक और लाभकारी साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शिविर से समय रहते जांच और उपचार मिलने से बड़ी संख्या में लोग राहत पा रहे हैं।

# सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला कांग्रेस कार्यालय में संघर्ष एवं त्याग की प्रतिमूर्ति यूपीए की चेयरमेन श्रीमती सोनिया गांधी का जन्म दिवस जिला समन्वय समिती के सदस्यों कांग्रेस जनो ने केक काटकर मनाया गया एवं उनके दीर्घायु होने की कामना की। जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि हमे गर्व है कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता है जिस पार्टी की नेता हमारी सोनिया जी है जिन्होने राष्ट्र की खातिर प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद का त्याग कर दिया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जिले की चारो विधानसभाओ का एवं समस्त ब्लाको का एस आई आर का काम हमारे बी एल ए ने सजगता से किया है। मनु मिश्रा, महेन्द्र प्रताप सिंह चौधरी, संजय चौरसिया, लक्ष्मण सींग, प्रदीप पटेल, निधि श्रीवास्तव, रजनी ठाकुर, परम यादव, दृगपाल सिंह ठाकुर, प्रदीप खटीक योगेश सराफ वीरेन्द्र राजपूत, बसंत कुशवाहा, सुषमा ठाकुर भूपेन्द्र अजमानी, रोहन पाठक, अमर सिंह, लाखन सींग दिनेश रैकवार मंजीत यादव, हेमराज पार्षद, अजय जाटव मदन सुमन ने भी जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओ से आहवान किया कि 14 दिसंबर 2025 को माननीय राहुल गांधी जी के नेतृत्व में आयोजित दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भाजपा की अनीतियों का पुरजोर विरोध करें। इस अवसर पर रियाज खान अशोक ठाकुर गोपाल रैकवार, तुलाराम यादव, तेजीराम रोहित, अनुज ठाकुर, सुनील सींग, डॉ. सुनील, श्रीकान्त पटेल, मुकेश सेनी ए.के. चिश्ती इनायत अली सहित अनेको कांग्रेस जनो की उपस्थिति रही। अंत में भारतीय महिला ब्लांइड क्रिकेट टीम की सदस्य सुषमा पटेल का पुष्पगुच्छ श्रीफल साल से स्वागत किया जिन्होने हाल ही में संपन्न हुये महिला ब्लांइड क्रिकेट टीम में भारतीय टीम को वर्ल्ड कप विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# जरूरतमंद बच्चियों को स्वेटर और कैप सेनेटरी पैड दिये

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में सेडमैप प्रशिक्षण केन्द्र में रेडिमेड गारमेंट्स निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही पन्नी बीनने वाली 50 बालिकाओं को रोटरी क्लब के द्वारा स्वेटर एवं सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी की ओर से सहायक संचालक संजीव मिश्रा द्वारा बच्चियो को ऊनी कैप का वितरण किया गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अजीत जैन द्वारा क्लब द्वारा किए जा रहें सामाजिक कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम फाउंडेशन द्वारा युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। क्लब के संयोजक संजय जैन द्वारा बच्चियो को नशा न करने एवं होने वाले नुकसान से अवगत कराया। रोटरी क्लब के सचिव रूपेन्द्र असाटी ने अपने उद्बोधन में कहा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा इस तब के लिए संवेदनशील भाव से विचार किया गया है जो कि बहुत सराहनीय है। वरिष्ठ सदस्य किशन लाल होरा रोटरी क्लब द्वारा बताया कि जिला प्रशासन का यह सकारात्मक पहल मानव सेवा के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। समीर बुधवानी द्वारा बच्चियो को शिक्षा जारी रखते हुए आगे बढने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर क्लब के अन्य सदस्य अनिल कोटवानी एवं समीर बुधवानी द्वारा बेटियो को नियमित प्रशिक्षण के साथ समाज के सकारात्मक पहलुओं को सीखने एवं समझने के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अन्त में जिला समन्वयक सेडमैप द्वारा अतिथियों का अभार व्यक्त किया गया।

## जिला कोटवार समिति का निर्वाचन संपन्न, नई कार्यकारिणी का चयन

**दमोह।** जिला कोटवार संघ दमोह की पुरानी तहसील में आयोजित बैठक में अगले वर्ष के लिए समिति का निर्वाचन शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बैठक में जिले की सभी तहसीलों से पहुंचे कोटवारों की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित समिति में सेवकराम अठ्या (विलाई) को अध्यक्ष, जबकि वसोरी अठ्या (वंधा) को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव पद की जिम्मेदारी रविकांत अठ्या (इटवा मंगोला) को सौंपी गई, जिन्हें सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा सहायक सचिव पद पर भरत अठ्या (सिमरी सीतानगर) और मीडिया प्रभारी के रूप में शिवदीन अठ्या (रेंवजाकला) का चयन किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन संघ के पूर्व अध्यक्ष पूरनलाल अठ्या ने किया, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराया। चुनाव पश्चात निवर्तमान अध्यक्ष का औपचारिक विदाई समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें उनके कार्यकाल की सराहना की गई। बैठक में उपस्थित जिले की सभी तहसीलों के कोटवारों ने नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ देते हुए नई समिति से संगठन को और सशक्त बनाने की उम्मीद जताई।

## गुरुवर जी के जन्मदिवस पर हुये चालीसा पाठ व आरती क्रम



**फतेहपुर।** आराध्य धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज जी के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से नशा मुक्त मांसाहार मुक्त चरित्रवान चेतना वान समाज हितार्थ समाज सुधार के लिए गुरुवर श्री के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पांच घंटे चालीसा पाठ व दिव्यता की आरती क्रम हुई सम्पन्न जिसमें सुखराम कुशवाहा पिपरिया घनश्याम के निज निवास पर पांच घंटे का श्री दुर्गा चालीसा पाठ सम्पन्न किया गया। इसके पश्चात आरती क्रम स्वामी सींग गौड के निज निवास अजब धाम फतेहपुर बडी खेर माता के पास सम्पन्न की गई। वही युवा पत्रकार शिवांक तिवारी के निज निवास पर आरती क्रम सम्पन्न की गई। इसके पश्चात सुदामा आदिवासी के यहां आरती क्रम सम्पन्न हुई इसके पश्चात रामलाल कुशवाहा के निज निवास पर आरती क्रम का आयोजन कया गया जिसमें मां व गुरुवर जी के अनेक भक्त हुये सम्मिलित समापन बेला में महाप्रसाद व शक्ति जल वितरण किया गया।

## जनसुनवाई में 232 आवेदनों पर सुनवाई

**दमोह।** जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये नागरिकों की समस्याओं को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 232 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 07 आयुष्मान कार्ड, 10 आधार कार्ड, 08 किसान सम्मान निधि एवं 180 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले की ग्राम नोहटा, वनवार सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 36 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।

# आज भी ग्रामीण जन रामलीला देखने में रखते हैं रुचि



**गैसाबाद।** एक ओर जहां आज का युवा वर्ग मोबाइल की दुनिया एवं आधुनिक युग में मस्त रहता है। वहीं दूसरी ओर आज भी ग्रामीण अंचल के लोगों की रुचि रामलीला जैसे मंचीय कार्यक्रमों के प्रति दिखाई देती है जिसका ताजा उदाहरण ग्राम गैसाबाद के चंडी माता चौक पर ग्राम कनकतला की आदर्श रामलीला कंपनी द्वारा आयोजित की गई। रामलीला को देखने पहुंच रहे ग्रामीण जनों की संख्या को देखकर लगाया जा सकता है। आज से करीबन 25 से 30 वर्ष पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में रासलीलाएं एवं रामलीला का चलन हुआ करता था लोग शाम से ही रामलीला पंडाल में पहुंच जाते थे लेकिन धीरे-धीरे इंटरनेट के बढ़ते कदम मोबाइल टीवी आदि के प्रचार के चलते लोगों का ध्यान नाटक मंचीय कार्यक्रम एवं रामलीला से दूर होता चला गया। बहुत बरसों बाद ग्राम में रामलीला का आयोजन चल रहा है जिसमें भगवान रामसीता के विवाह का प्रसंग कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों के बताएं मुताबिक ग्राम के एक विशेष कलाकार महेंद्र सिंह राजपूत जो पढ़े लिखे हुए तो कम है लेकिन रामलीला में सभी पात्रों का रोल पूरी सफलता के साथ निर्वहन करते हैं। हरिभूमि ने जब महेंद्र सिंह से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि में पढ़ा लिखा तो कम हूं में अच्छे से पढ़ भी नहीं पाता हूं लेकिन मुझे रामलीला में जो पाठ दिया जाता है उसे में अपने दोस्तों से दो-तीन बार जोर जोर से पड़वा लेता हूं और वही सुनकर मुझे पाठ याद हो जाता है और मैं रामलीला में अपना रोल बाखूबी निभाता हूं। रामलीला के अन्य कलाकारों ने बताया कि हम लोगों को प्रभु का चरित्र लोगों को दिखाने में बहुत आनंद की प्राप्ति होती है। हमारा मन भगवान में लगा रहता है। रामलीला के डांसर के नाच गान से भी लोग प्रभावित हो रहे हैं ।कुछ लोग तो फरमाइश देकर अपने अपने पसंद के गाने सुनकर मनोरंजन कर रहे हैं ग्राम के कुछ संपन्न लोगों द्वारा पूरी श्रद्धा भाव से प्रभु श्री राम के गले में जय माल डालकर रामलीला मंडली के पात्रों का निमंत्रण भी किया जाता है जिसमें उन्हें भोजन करा कर भोग प्रसाद की व्यवस्था की जाती है।

# वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

### छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा से लेकर सिक्कों की वैधता तक दी गई अहम जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शासकीय कमला नेहरू कॉलेज में आज रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया और भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और आधुनिक वित्तीय प्रणाली की समझ विकसित करना रहा। शिविर में भारतीय रिज़र्व बैंक के लीड डेवलपमेंट ऑफिसर प्रखर उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कॉलेज के प्रिंसिपल, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर हेमंत, नाबार्ड के मैनेजर तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज के अधिकारीगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सहयोगी संस्था स्वधार से ब्लॉक इंचार्ज राहुल खरे और खलील ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखर उपाध्याय ने छात्राओं को बचत की आदत, वित्तीय समावेशन, डिजिटल लेन-देन, साइबर फ्रॉड से बचाव और 'सशक्त नारी – सशक्त राष्ट्र' जैसे विषयों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्तीय जागरूकता महिलाएँ को आत्मनिर्भर बनाती है और यही सशक्त समाज की मजबूत नींव है। उन्होंने यह भी चिंता व्यक्त की कि दमोह में ₹1 और ₹2 के सिक्कों को लेन-देन में स्वीकार नहीं किया जा रहा है, जबकि ये सिक्के पूरी तरह वैध मुद्रा हैं और RBI द्वारा मान्य हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि समाज में इस गलतफहमी को दूर करने में योगदान दें। शिविर में शामिल बड़ी संख्या में छात्राओं ने बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और वित्तीय सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कॉलेज प्रशासन ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि ऐसे शिविर छात्राओं को भविष्य की आर्थिक चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाते हैं।

## श्री शक्तिपुत्र महाराज का जन्मदिवस हर्षोल्लाह से मनाया

**दमोह।** धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र भगवान के दिशा निर्देशन में पूरे विश्व में 24 घंटे के चालीसा पाठ 5 घंटे के चालीसा पाठ 1 घंटे की दिव्यता की आरती कम संपन्न कराए जा रहे है जिससे समाज में परिवर्तन लाया जा सके। धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा मानवता की सेवा के हितार्थ श्री शक्तिपुत्र भगवान समाज को परिवर्तन की ओर बढ़ा रहे हैं जिससे हर संभव समाज में परिवर्तन किया जा सके। धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष श्री शक्तिपुत्र भगवान का 9 दिसंबर 2025 को पूरे विश्व में माता आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा के गुणगान से जन्म दिवस मनाया जा रहा है जिसमें 24 घंटे के पाठ 5 घंटे के पाठ एवं 1 घंटे की दिव्यता की आरती कम संपन्न पूरे विश्व में कराए जा रहे हैं।

## मॉडल टेस्ट पेपर से कराई जा रही परीक्षा की तैयारी

**जबेरा।** विधानसभा क्षेत्र जबेरा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में स्थानीय विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी जी के निर्देशन एवं श्री कृष्णा भाव फाउंडेशन के संचालक व मंत्री अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में 36 ग्रामों में निशुल्क नवोदय कोचिंग क्लास का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 1000 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है इसी क्रम में विगत रविवार को कृष्ण भाव फाउंडेशन के तत्वाधान में संचालित 36 निशुल्क कोचिंग क्लासेस में सामूहिक तृतीय मॉडल टेस्ट पेपर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा चौथी एवं पांचवी के लगभग 850 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर उन्हें अंक प्रदान किए जाते हैं और बच्चों एवं उनके पालकों को प्राप्त अंकों का विवरण दिया जाता है तथा उन्हें आवश्यकता अनुसार कमजोर क्षेत्र में विशेष ध्यान देकर के आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया जाता है। मंत्री अनुज सत्येंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 14 दिसंबर 2025 को नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित है जिसमें विधानसभा क्षेत्र जबेरा से लगभग 1000 छात्र-छात्राओं की भागीदारी रहेगी इन सभी छात्र-छात्राओं का बेस मजबूत करने के लिए हम निशुल्क कोचिंग के साथ हर माह टेस्ट भी लेते हैं जिसमें प्रत्येक बच्चे को ओएमआर शीट निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। हमारे समर्पित शिक्षकों ने पूर्ण परिपक्वता एवं अनुशासन के साथ परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित किया। मुझे गर्व है कि मेरे पूजनीय पिताजी ने मुझे नवोदय केमहत्व का ज्ञान कराया आज उन्हीं के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में हम सभी मिलकर के यह कार्य जमीनी स्तर पर निष्पादित कर पा रहे है। हमारे इस संपूर्ण प्रयास में सहयोग करने वाले सभी साथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का में हृदय से आभारी हूं। आप सभी के सहयोग से ही हमारे क्षेत्र के नोनीहालों का भविष्य आज और अधिक उज्ज्वल बन रहा है।



## खबर संक्षेप

### आत्मनिर्भर भारत अभियान सह जीएसटी बचत उत्सव आज

**दमोह।** वाणिज्य कर अधिकारी ने बताया आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जीएसटी बचत उत्सव का आयोजन आज 10 दिसंबर को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में व्यापारियों, उद्यमियों और विद्यार्थियों को जीएसटी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी तथा आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित होंगी।

### आज सुबह 9 बजे मैहर के लिए रवाना होगा भक्तों का जत्था

**तेंदूखेड़ा।** आज तेन्दूखेड़ा नगर से मां शारदा देवी के भक्तों का जत्था मैहर वाली मां शारदा के दर्शन के लिए रवाना होगा। जो वार्ड क्रमांक 6 मढ़ियाघाट हनुमान से भक्त पैदल यात्रा करके मैहर जाएंगे। भागीरथ पड़ा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी आज बड़ी संख्या में भक्तों का जत्था सुबह 9 बजे मढ़िया घाट हनुमान मंदिर में एकत्रित होंगे और पूजा अर्चना के बाद जत्था मैहर के लिए रवाना होगा।

### निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच के लिए दिया आवेदन

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा हजारी में विगत 2 वर्षों के अंदर निर्माण कार्य के लिए राशि निकाली गई लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाए है जिनकी निष्पक्ष एजेंसी दवारा जांच कराई जाये। पंचायत में निर्माण कार्य जो स्वीकृत है जिसमें कोडरमणी ग्राम में परकुलेशन टेक है जिसमें करीब 9 लाख 50 हजार रुपये के मस्टर रोल से भुगतान, हनुमान मंदिर का अधूरा सी सी सड़क जिसमें करीब 3 माह पहले पैसा निकल गया लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं,नाली निर्माण कार्य सीताराम के घर से मेन रोड तक अधूरी, कोडरमणी में भागीरथ के घर से मेन रोड,गेब्रियन बाल गेरा नाला, खैरे के नाला के पास अधूरा डाला,रतिराम के घर से सी. सी सड़क अधूरी नल कनेक्शन सोकता पेड़ सिर्फ 2 बने 1 कोडरमणी व एक सेमरा में,सोहन पटेल के घर से हनुमान मंदिर की और सीसी सड़क के पैसे निकाल लिए 3-4 माह हो गये लेकिन नहीं बना, ग्राम में पिछले वर्षों से नाडेप की राशि निकल गई लेकिन अभी तक नहीं बनाए गए कोडरमणी में एक भी नही बना, वृक्षारोपण कार्य सिर्फ कागजों पर किया गया। तलैया हार बच्चों के स्कूल की बाउंड्री वॉल 77000 हजार निकल गये लेकिन अभी तक निर्माण कार्य नहीं रुआ। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2025 को आवेदन आपके कार्यालय व जिला पंचायत/जनपद पंचायत सीईओ को दिया गया लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नही हुई आवेदक मर्दान अहिरवार द्वारा पुनः मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

## पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम ने किया रेस्क्यू 6 घंटे बाद पकड़ा गया तेंदुआ, दिन भर मची रही अफरा तफरी

# घर में घुसा तेंदुआ, रेस्टोरेंट संचालक पर किया हमला









हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में शासकीय सिविल अस्पताल के सामने मंगलवार की सुबह 11 बजे एक तेंदुए ने घर में घुसकर रेस्टोरेंट संचालक पर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला करने के बाद तेंदुआ बाजू के घर शिव फौजदार के मकान के अंदर चला गया। तत्काल ही परिजनों ने वन विभाग को सूचना दी और घायल को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां वन विभाग की सूचना पर पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम ने रेस्क्यू कर 6 घंटे की मशक्कत के बाद पकड़ा गया है। पन्ना टाइगर रिजर्व से आई टीम के द्वारा शाम करीब 6 बजे उसे पीटीआर के डॉक्टर डॉ संजीव गुप्ता ने ट्रेंकुलाइज कर तेंदुए को बेहोश किया डॉट लगते ही तेंदुआ भागकर दूसरे घर मे जाकर बेहोश हो गया। इसके बाद टीम ने जाल में कैद कर उसे पिंजरे में डाला तेंदुए का सफल रेस्क्यू किया गया। उसके बाद प्राथमिक उपचार कर हटा रेंजर ऋषि तिवारी और तफ्सील खान पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा तत्काल तेंदुए को पन्ना टाइगर रिजर्व में छोड़ने के लिए ले जाया गया। इस नजारे को देखने के लिए पूरे दिन दमोह,पन्ना मार्ग पर हजारों लोगों की भीड़ मौजूद रही। पुलिस को कई बार इस भीड़ को खदेड़ना पड़ा, लेकिन लोग भागने के लिए तैयार नहीं थे। जानकारी देते हुए दमोह डीएफओ ईश्वर रामहरि जरांडे ने बताया कि मंगलवार की दोपहर हटा सिविल अस्पताल के सामने शिव अग्रवाल के मकान में एक तेंदुआ घुस आया था। जिसका रेस्क्यू करने के लिए स्थानीय वन अमले के साथ दमोह से एसडीआरएफ की टीम व अन्य वनकर्मी भी पहुंचे थे। लेकिन तेंदुए का रेस्क्यू करना मुश्किल था क्योंकि वह काफी सकरी जगह में छिपा था। इसके बाद पन्ना टाइगर रिजर्व को सूचित किया गया और वहां से आई टीम के द्वारा तेंदुए को बेहोश करने के बाद उसका सुरक्षित रेस्क्यू कर वापस जंगल में छोड़ने के लिए ले जाया गया है। इस रेस्क्यू में कोई हताहत नहीं हुआ और सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। आपको बता दें मंगलवार सुबह हटा सिविल अस्पताल के सामने रेस्टोरेंट संचालक शरद अग्रवाल के घर में घुसकर तेंदुए ने हमला किया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया था। इसके बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे, लेकिन तेंदुआ दूसरे घर में जाकर छिप गया था। तब हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने साहस दिखाते हुए सबसे पहले तेंदुए को खोजकर उसका वीडियो बनाया था। तेंदुए को पकड़ने के लिए पन्ना टाइगर रिजर्व से टीम को बुलाया गया था। जिसने एसडीआरएफ टीम का सहयोग लेकर तेंदुए को बेहोश कर उसका रेस्क्यू कर लिया। करीब 6 घंटे चले रेस्क्यू के दौरान काफी भीड़ सड़क पर जमा रही। इस दौरान फारेस्ट एसडीओ एमडी माणिक पुरी डिप्टी रेंजर जय प्रकाश दुबे नगर पालिका प्रभारी सीएमओ राजेन्द्र खरे तहसीलदार आलोक जैन सहित वन विभाग एव पन्ना टाइगर रिजर्व एवं नगर पालिका के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस नजारे को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोगों के भीड़ उमड़ पड़ी जिससे हटा दमोह मार्ग पर जाम के हालात भी बने रहे। पुलिस के द्वारा लगातार अनाउंस कर लोगों से हटने की अपील की जाती रही, लेकिन देखने वालों का हुजूम लगा कम नहीं हुआ।

## उन्नत कृषि तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** हाईडलवर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड यूनिट नरसिहगढ़ के सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) अन्तर्गत संचालित बाएफ एकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम के तहत ग्राम सतपारा में एक दिवसीय एकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम एवं उन्नत कृषि तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सभी पशुपालक बन्धुओ ने भाग लिया। जिसमे पशुओं में होने वाली बिमारी एवं उनके लक्षण और उपचार के बारे में विस्तार से प्रिंस कुमार सिंह AVFO पथरिया एवं उन्नत कृषि तकनीकी के बारे में रोहित पाल कृषि विस्तार अधिकारी पथरिया द्वारा सभी प्रकार के योजनओं के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के सभी पशुपालक,किसान एवं मायसेम फैक्ट्री से आलोक कुमार तिवारी,निशांत चौरसिया एचआर डिपार्मेंट एवं बाएफ संस्था के परयोजना अधिकारी गौतम प्रसाद यादव उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**दमोह ।** प्रदेश के उच्चशिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा दमोह जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार मंगलवार शाम 5.30 बजे दमोह पंहुचेंगे और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री परमार 10 दिसंबर की सुबह 10 बजे सर्किट हाउस में जन सामान्य एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे, सुबह 11 बजे से 11:30 बजे तक कीर्ति स्तंभ चौराहा पर सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान में हेलमेट वितरण करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री परमार सुबह 11:45 से 12:30 बजे तक पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे। आप दोपहर 12:45 बजे से 2 बजे तक कलेक्ट्रेट कार्यालय में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री परमार दोपहर 2:15 सर्किट हाउस पहुंचेंगे और अपरान्ह 3 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## 1000 लाईफ अभियान के तहत किया जागरूक

**दमोह।** एसपी दमोह का 1000 लाईफ अभियान के तहत पथरिया में आम जनता से संवाद के साथ साथ फ्री हेलमेट बांटे गए और सड़क सुरक्षा हेतु समझाइश भी दी गई। एसपी द्वारा आयोजित '1000 LIVES' अभियान का



आयोजन आज पथरिया में किया गया, जिसमें आम जनता से सीधा संवाद किया गया और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। इस अभियान के तहत जनता को सड़क सुरक्षा के नियमों और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाइश भी दी गई। सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना,निशुल्क हेलमेट वितरण करके दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, सार्वजनिक संवाद के माध्यम से नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी देना है। अभियान के दौरान कई नागरिकों ने सड़क सुरक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारी महसूस की। निशुल्क हेलमेट वितरण और जागरूकता अभियान से स्थानीय लोगों के बीच सुरक्षा के प्रति रुचि बढ़ी। इस तरह के अभियान से दमोह जिले में सड़क सुरक्षा के स्तर में सुधार और जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है।

### कंचन का अंडर 19 स्कूल में तो दीपेश एवं हरिकृष्णा का अंडर 17 वॉलीबॉल टीम में चयन

**दमोह।** मध्यप्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल की नर्सरी कहे जाने वाले ग्राम बोतराई विकासखंड पथरिया जिला दमोह निवासी तीनों खिलाड़ियों का मध्यप्रदेश की वॉलीबॉल टीम में चयन होने पर होने पर समूचे खेल जगत ने हार्दिक बधाई प्रेषित की है। खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत प्रदर्शन अनुशासन और दृढ़ संकल्प से यह सफलता पाई हे। इनकी यह उपलब्धि ग्रामीण स्तर के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में आपका योगदान जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाएगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सैफुल्लाह खान, अतुल श्रीवास्तव, मुकेश खरे, संतोषी पटेल, पुरुषोत्तम तिवारी, प्रेम नारायण पटेल, सुजीत पटेल, लव कुश पटेल, शैलेंद्र चैधरी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### सर्किट हाउस और एक्सीलेंस स्कूल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के दिए निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी को पत्र लिखकर सर्किट हाउस पहाड़ी, एक्सीलेंस स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की है। कलेक्टर श्री कोचर ने पत्र में लिखा है शाम और रात्रि के समय इन क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ रहा है, जहां नशा सेवन और अन्य अवांछनीय गतिविधियों की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। मीडिया में इन स्थानों पर मादक पदार्थों के अवशेष मिलने की खबरें भी सामने आई हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने पुलिस अधीक्षक से कहा है कि इन दोनों क्षेत्रों एक्सीलेंस स्कूल परिसर और सर्किट हाउस दमोह में सुरक्षा व्यवस्था को तुरंत बेहतर किया जाए। उन्होंने हाल ही में आयोजित **NCORD** बैठक के दौरान इन दोनों स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु प्राक्कलन (**Estimation**) तैयार करने और शीघ्र कलेक्टर कार्यालय को भेजने कहा है, ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## जबेरा की दुकानों में चोरों ने किया ताला तोड़ने का प्रयास

### सतर्क नागरिकों की होशियारी से बड़ी चोरी टली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा रविवार सोमवार की दरमियानी रात जबेरा बस स्टैंड एक बार फिर चोरों के निशाने पर रहा जहां रात्रि के लगभग 3:20 पर दो अज्ञात युवकों ने बस स्टैंड पर स्थित कियोस्क बैंक , किराना दुकान एवं ज्वेलरी की दुकान सहित कई प्रतिष्ठानों के शट रो मैं लगे तालेतोड़ने का प्रयास किया। चोरों की सक्रियता इस कदर रही की बस स्टैंड परिसर में चार से पांच स्थानों पर ताले तोड़ने एवं शटर उखाड़ने के निशान साफ दिखाई दिए, जबकि कुछ जगहों पर कल्टीवेटर की बैटरी चोरी होने की जानकारी भी सामने आई है। रात्रि में बस स्टैंड में ठहरे हुए लोगों ने जब ताले तोड़ने की आवाज सुनी तो वे तत्काल बाहर निकले और उन्होंने देखा कि दो युवक चोरी की वारदात को अंजाम देने में जुटे हुए है तो उपस्थित लोगों ने उन्हें घेरने का प्रयास किया लेकिन दोनों अंधेरे एवं सुनसान सड़क का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। घटना के बाद लोगों में भय एवं आक्रोश का माहौल फैल गया क्योंकि चोरों ने जिस तरह कई दुकानों को निशाना बनाया उससे स्थानीय व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। सुबह जब व्यापारी दुकान खोलने पहुंचे तो कियोस्क बैंक का ताला टूटा पड़ा मिला ज्वेलर्स की दुकान के शटर को उखाड़ने के गहरे निशान दिखाई दिए, किराना की दुकान में भी तोड़फोड़ की स्थिति देखकर पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई जानकारी के अनुसार चोरों ने लगभग आधा दर्जन दुकानों में सेंध लगाने की कोशिश की जिनमें से कुछ स्थानों पर सामान के चोरी होने की भी खबर सामने आ रही है। स्थानीय निवासी राज लोधी ने देर रात थाने पहुंचकर के आवेदन दिया इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और सुबह बस स्टैंड क्षेत्र में जांच शुरू कर दी, पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है एवं चोरों की पहचान के लिए टीम गठित कर दी गई है। इस घटनाक्रम से जबेरा का व्यापारी चिंतित हैं और रात में पुलिस गस्त बढ़ाने एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटनास्थल की जांच कराई जा रही है।

## अलख में विद्यमान शिव का विभुत्व- श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सर्वशक्ति-सम्पन्नता का द्वैतक शिव चराचर जगत में व्याप्त है जिसकी अलख अनेकानेक रूपो में प्रकट होने की स्थिति को अगम्य बताता है, अर्थात वह गुण जिसमें कोई सत्ता या शक्ति सब ओर व्याप्त होती है, पर दिखती नहीं अनादि से अनंत तक केवल सर्वव्यापकता रूप में विद्यमान है। संक्षिप्त में ईश्वर का सर्वत्र होने वाला व्यापक स्वरूप धर्म और दर्शन में विभुत्व कहा गया जो मुख्यतः ईश्वर की महिमा, सामर्थ्य और सर्वत्र-व्यापक स्वरूप को सूचित करता है। यह कथन श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी के रुद्र संहिता के व्याख्यान रूपी उद्बोधन का है जो काशी के शिवपुर में चल रही कथा की प्रासंगिकता को दर्शाती हैं। 'एको देवो महादेवो विज्ञेयस्तु महेश्वरः। न तस्य परमं किञ्चित्पदं समधिगम्यते' दिव्य देवता उनके स्थूलरूप को देखते हैं, दिव्ययोगीवृन्द परमपिता परमात्मा को प्रसन्न करने का एकमात्र उपाय वेदनिर्दिष्ट धर्म को बताते है जिसका श्रुति वाक्य 'प्रसादसाधनं धर्मः' नित्य निरन्तर-नियमित धर्म का अभ्यास करने से जन्म-जन्मान्तर-कल्प-कल्पान्तर से संचित पापराशि नष्ट हो जाती है- 'पापपरिक्षयः' इससे प्राणी अमल आत्मा हो जाता है। साथ ही साथ सर्वेश्वर शिव की ज्ञानपूर्ण-भक्ति प्राप्त होती है। ऐसे ज्ञानपूर्ण भक्तों के भावों के अनुरूप परमात्मा की कृपा के प्रसादरूप प्रसन्नता आदि प्राप्त करना सरल है नहीं तो संसार में दुःख का बाहुल्य भटकते मार्ग पर चलने में देर नहीं लगाता 'अज्ञानप्रभवं दुःखं ज्ञानेनैव निवर्तते वस्तुतः वस्तुएँ तीन प्रकार की होती हैं-क्षर, अक्षर और क्षराक्षर तीनों भेदों को तत्त्ववेत्ता ही जानते हैं। क्षर को प्रकृति किंवा माया, अक्षर को जीव (अजड़, जड़), क्षराक्षर को परमेश्वर की श्रेणी में माना जाता है। यह माया की शक्ति है। यह माया जिसे घेर लेती है, उसे बारम्बार एक शरीर से दूसरे शरीर में कूकर-सूकर, कीट, पतंग, मानव आदि रूप में जन्म लेना पड़ता है। इस प्रकार असह्य दुःख उठाना पड़ता है। इससे प्रसनमुक्त होने का सरल साधन यह है कि भूतभावन भगवान् शङ्कर में एकान्त-निष्ठापूर्वक परम-ज्ञाननिष्ठ सुदृढ़ भक्ति में प्रवेश करना चाहिए। अनेकानेक विधाओं से पूर्ण फलाहारी बाबा संत सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महंत राम दास त्यागी जी महाराज एवं योगी राज श्री महंत राम करण दास त्यागी जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रमुख जजमान विनोद दुबे कमलेश केशरी जितेंद्र मिश्रा, राजेश मिश्रा, दिलीप रघुवंशी सहित स्थानीय भक्तों का बढ़ चढ़ कर भाग लेना वैधानिक प्रक्रिया बन गया जिसमें लोग बड़ी संख्या में भाग लेकर यज्ञीय कार्य को भी संपादित कर रहे।

## मंत्री परिषद की बैठक में जबेरा विधानसभा को मिली बड़ी सौगात

### लगभग 7 वर्षों से कर रहे थे अथक प्रयास, झापन नालेपर होगा तालाब निर्माण

**जबेरा।** विगत दिनों मध्य प्रदेश सरकार की बैठक मंत्री गणों के साथ खजुराहो में संपन्न हुई जिसमें लगभग 7 वर्षों से मांग कर रहे क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की मांग पूरी हुई। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 जबेरा को मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल ने एक बड़ी सौगात प्रदान की। जबेरा क्षेत्र वासियों के द्वारा झापन नालेपर पूँछी तालाब निर्माण के कार्य की मांग निरंतर की जा रही थी इस मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी प्रयास रत थे। जिसे अब मंत्रिमंडल समूह के द्वारा विधिवत स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। क्षेत्र को यह सौगात मिलते ही क्षेत्र वासियों के द्वारा सोशल मीडिया पर मंत्रीद्धय धर्मेंद्र सिंह लोधी का आभार व्यक्त किया जा रहा है। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि इस परियोजना के बनने से लगभग 3600 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और विधानसभा क्षेत्र के 17 ग्रामों में लगभग 13000 किसान लाभान्वित होंगे। इसका निर्माण कार्य 165.06 करोड रुपए की लागत से किया जाएगा। मैं गौरवशाली हूं कि इस बहु प्रतीक्षित मांग को मेरे कार्यकाल में मुझे पूर्ण करने का अवसर प्रदान हुआ है। इसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, जल संसाधन मंत्री माननीय तुलसी सिलावट और समस्त मंत्रिमंडल कैबिनेट के सभी सम्माननीय सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। निश्चित ही इसके निर्माण से क्षेत्र की तकदीर एवं तस्वीर बदलने वाली है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन विषयों पर गृह संपर्क अभियान तेज

तेन्दूखेड़ा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में आओ बनाएँ समर्थ भारत, संकल्प के साथ व्यापक गृह संपर्क अभियान आरंभ किया गया है। इसी क्रम में तेंदूखेड़ा नगर में भी स्वयंसेवक घर–घर पहुँचकर समाज जागरण, राष्ट्रहित एवं व्यक्तिनिर्माण के संदेश को जन–जन तक पहुँचा रहे हैं। अभियान का प्रमुख केंद्र पंच परिवर्तन है, जिसके अंतर्गत पाँच मूल विषयों— सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन, नागरिक कर्तव्यबोध पर जनता को जागरूक किया जा रहा है। स्वयंसेवक प्रत्येक घर में इन पाँच सूत्रों के महत्व को समझाते हुए समाज में समरसता, परिवार में सौहार्द, प्रकृति संरक्षण, आत्मनिर्भरता तथा नागरिक दायित्वों के पालन को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आग्रह कर रहे हैं। अभियान से जुड़े स्वयंसेवको ने बताया कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने का यह अवसर केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाजसेवा, राष्ट्रजागरण और व्यक्तिनिर्माण के संकल्प को और दृढ़ करने का समय है। तेंदूखेड़ा नगर के स्वयंसेवकों ने बताया कि पंच परिवर्तन अभियान का उद्देश्य समाज में सकारात्मक वातावरण बनाना, लोगों में कर्तव्यबोध जगाना और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे परिवार और समाज दोनों स्तरों पर इन पाँच मूल्यों को अपनाकर समर्थ भारत के निर्माण में अपना सहयोग दें साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयंसेवको संघ संपर्क शुरू कर दिया है।

## महान गाधींवादी विचारक डॉ. राजगोपाल पीव्ही ने बाल विवाह रोकने की अपील की




**हिण्डोरिया।** जन संगठन एकता परिषद दिल्ली के संस्थापक, गांधीवादी विचार धारा के समर्थक, अहिंसावादी, महान विचारक डॉ राजगोपाल पीव्ही ने भारत सरकार द्वारा बाल विवाह रोकने के लिए संचालित 100 दिवसीय अभियान का समर्थन करते हुये समस्त देशवासियों से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने आगे आने की अपील की। इसके पूर्व एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत जिला दमोह मे कार्यरत संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह के व्दारा डॉ. राजगोपाल पीव्ही जी एवं जिलकार हैरिस बहिन को शाल, श्रीफल, कप एवं फूल मालाओं से ग्राम मझगवां (कटनी) पहुँच कर सम्मानित कर संस्था की थीम से अवगत कराया गया एवं इस मुददे पर उनके व्दारा सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की गई। इस दौरान संगठन के संतोष सिंह, निर्भय सिंह,संकल्प संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे, सुजात खान, रजनी ठाकुर, भूपेन्द्र सिंह, अयोध्या प्रसाद इत्यादि मौजूद रहे।